हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार 6 मई 2024

12 चुनाव में मजबूती से जुटें कार्यकर्ता: किरण चौधरी



11 हस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति ने शहर में दो जगह लगाए हेल्थ शिविर



धीर आंखों का हस्पताल
✦ आंखों के पर्दे (Retina) के ऑपरेशन व ईलाज ✦ काला मोतिया
✦ नासूर ✦ पढ़वाल ✦ टेढी आंख ✦ भैंगापन ✦ झुकी पलकें ✦ एन्जिओग्राफी
✦ ओसीटी ✦ पुतली बदलने (Cornea Transplant) का ऑपरेशन
महम चौक, भिवानी संपर्क करे:- 9416632127, 8396098900, 7027280885
सरकारी व प्राईवेट पैनल उपलब्ध है।
चश्मा उतरवाएं लेजर द्वारा
✦ बेहतरीन नजर ✦ कोई परेशानी नहीं ✦ उसी दिन छुट्टी
सफेद मोतिया का ऑपरेशन
लेजर विधि द्वारा बिना टांका, बिना चीरा



## खबर संक्षेप

### पीएमश्री स्कूल में अभिनंदन समारोह आज

**मंडी अटेली।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली में बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 483 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रीति सहित मेरिट प्राप्त करने वाली सभी प्रतिभाशाली छात्राओं के सम्मान में सोमवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य कुसुम यादव ने बताया कि कार्यक्रम में बारहवीं कक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाली 29 छात्राओं का विद्यालय प्रशासन की ओर से अभिनंदन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं को पाठ्य सामग्री व ड्रेस सहित पेयजल सुविधा इत्यादि उपलब्ध करवाने वाले विशिष्टिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### युवती घर से अचानक लापता, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** सदर थाने के अंतर्गत आने वाले एक गांव से 18 वर्षीय युवती लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता ने पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती के पिता ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है। उसकी 18 वषीय लड़की चार मई को समय करीब तीन बजे घर से बिना बताए कही चली गई है। वह मजदूरी करने के लिए महेंद्रगढ़ चला गया था। जब वह शाम को घर लौटा तो लड़की घर पर नहीं थी। उसने अपने तौर पर अपनी रिश्तेदारियों व आसपास गांव में पता किया, जो नहीं मिली।

### पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, आरोपित फरार

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ में पुलिस टीम ने खाली खंडर से अवैध शराब बरामद की है। इस दौरान अवैध शराब बेचने वाला आरोपित पुलिस टीम को देखकर मौके से फरार हो गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की एक टीम गांव सिसोठ अड्डे पर गश्त पड़ताल पर थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव सिसोठ निवासी विक्रम उर्फ बलिया अपने पुराने खाली खंडर में अवैध शराब रखकर शराब बेच रहा है। अगर रेड कि जाए तो अवैध शराब सहित काबू आ सकता है। इस सूचना पर टीम पुराने खंडर मकान पर पहुंचे, जहां पर विक्रम उर्फ बलिया पुलिस टीम को देख मौके से भागने में कामयाब हो गया। इसके बाद टीम ने खाली खंडहर मकान को चेक किया तो वहां एक सफेद कट्टा मिला, जिसको खोलकर चेक किया तो 18 बोतल देशी शराब मिली।

# कमजोर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों से मांगा जाएगा जवाब, मूल्यांकन करेंगे अधिकारी

## मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या विषयवार देनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गत दिनों हरियाणा बोर्ड की ओर जारी किए गए परीक्षा परिणाम कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों को लेकर शिक्षा विभाग सख्ती बरत सकता हैं। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों से परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट मांगी गई है। स्कूलों को सोमवार तक परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट मुख्यालय भेजनी होगी। शिक्षा विभाग की ओर से दिए गए लक्ष्य पाने में जहां कमी रह गई है, उसको आगामी सत्र में दूर करने का प्रयास भी किए जाएंगे। बता दें कि दो मई को हरियाणा बोर्ड की ओर से परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। इस बार महेंद्रगढ़ जिला परीक्षा परिणाम में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है, लेकिन कुछ स्कूलों का परीक्षा उम्मीद मुताबिक नहीं आया। वहीं प्रदेश के काफी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद खराब रहा हैं।

**खास बातें**

- शिक्षा विभाग ने स्कूलों से मांगी है परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट, इस बार महेंद्रगढ़ जिला परीक्षा परिणाम रहा था पहले स्थान पर
- महेंद्रगढ़ जिला परीक्षा परिणाम में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा



महेंद्रगढ़। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो: हरिभूमि

**शिक्षकों को देना होगा खराब परिणाम का जवाब**

यदि किसी कक्षा में अन्य विषय में विद्यार्थियों में अच्छे नंबर आए है तथा एक या दो विषय में विद्यार्थी ने कम अंक हासिल किए है तो संबंधित शिक्षक से जवाब मांगा जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए दो बार प्री बोर्ड की परीक्षा आयोजित कराई थी।

**परीक्षा परिणामों की रिपोर्ट मांगी**

शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों से परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट मांगी गई हैं। स्कूलों को विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए गए अंक, कितने विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की, कितने विद्यार्थी की किस विषय में रि अपीयर आई हैं। इसके अलावा स्कूलों को 70 प्रतिशत से कम, 70 से 80 प्रतिशत, 80 से 90 प्रतिशत, 90 से 95 प्रतिशत व 95 प्रतिशत से अधिक अंको की स्लैब बनाकर भेजनी होगी। इसके अलावा स्कूल का विषय अनुसार परीक्षा परिणाम भेजना होगा। स्कूलों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी आकलन करेंगे कि विद्यार्थी कहां पर कमजोर रहें। परीक्षा परिणाम के मूल्यांकन के पीछे राजकीय स्कूलों के परीक्षा परिणाम में सुधार लाना हैं। यदि किसी स्कूल में संसाधनों या शिक्षकों की कमी है तो उसकों दूर किया जाएगा।

**महेंद्रगढ़ जिला रहा था पहले स्थान पर**

*वर्ष 2020 से पहले की बात करे तो 15वें स्थान से नीचे महेंद्रगढ़ जिला रहता था। अब बीते चार साल से पहले व दूसरे पायदान पर है। बीते वर्ष रेवाड़ी का परीक्षा परिणाम 88.28 रहा था। वहीं महेंद्रगढ़ जिला 88.10 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा था। महेंद्रगढ़ जिला का इस बार 92.99 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ पहले स्थान पर हैं। जिले में 7428 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 6907 विद्यार्थी पास हुए थे। वहीं 443 विद्यार्थियों के री अपीयर आई थी। वहीं 78 विद्यार्थी फेल हुए थे। इसी प्रकार प्राइवेट परीक्षा का परिणाम 94.89 प्रतिशत रहा। इसमें 176 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 167 विद्यार्थी पास हुए हैं और 9 फेल हुए हैं। इसके अलावा ओपन स्कूल परीक्षा का परिणाम 42.63 प्रतिशत रहा हैं। इसमें 190 बच्चे परीक्षा में बैठे थे, जिसमें से 81 पास हुए हैं। इसके अलावा ओपन स्कूल री-अपीयर की परीक्षा में 49.44 प्रतिशत रहा। इसमें 180 में से 89 बच्चे पास हुए हैं।*

धौलेड़ा रोड के लोगों खासकर इस रोड पर चलने वाले वाहन चालकों को होगा फायदा

# 16.46 करोड़ की लागत से बनेगा नारनौल धौलेड़ा सड़क मार्ग, अब बनेगा सीसी रोड

- नारनौल-धौलेड़ा-मेघोत बिंजा रोड की लंबाई है करीब 15 किलोमीटर, जबकि चौड़ाई रहेगी सात मीटर
- इस मार्ग पर माइनिंग एवं स्टोन क्रेशर काफी संख्या में होने के कारण जिले में सर्वाधिक चलते हैं डंपर, जिस कारण बार-बार टूटती रहती है तारकोल वाली सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

धौलेड़ा रोड के लोगों खासकर इस रोड पर चलने वाले वाहन चालकों के लिए खुशखबरी है। नारनौल की नई अनाज मंडी के पास से नांगल चौधरी-निजामपुर रोड में धौली पहाड़ी मेघोत बिंजा तक की इस पूर सड़क का नवनिर्माण किया जाएगा। भारी वाहनों खासकर ओवरलोड डंपरों की संख्या एवं वहन को देखते हुए सरकार ने इसे अब तारकोल युक्त काली सड़क बनाने की बजाए सीमेंट-कंकरीट वाली सीसी सड़क का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इस सड़क को करीब एक साल पहले मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया पूरी होने उपरांत अब इसके निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। फिलहाल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने पुरानी तारकोल वाली सड़क को उखाड़ना शुरू कर दिया है। यह सड़क एक साल में बनाने का लक्ष्य रखा गया है तथा अगले वर्ष 30 अप्रैल 2025 तक इसे पूरा कर लिए जाने की पूरी संभावना है। इस पर करीब 16.46 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

आरसीसी की बजाए सीसी बनेगा रोड यानि अब इसमें केवल सीमेंट-कंकरीट प्रयोग होगा, सरिया नहीं लगेगा। गौर हो कि नारनौल-धौलेड़ा सड़क मार्ग पर जिले के अति व्यस्त मागार्ें में से एक है। यह सड़क नांगल चौधरी रोड पर नारनौल की नई अनाज मंडी से कॉर्नर से गांव ताजीपुर-कारोता-खातौली होते हुए धौलेड़ा-मेघोत बिंजा से होते हुए आगे चलकर नांगल चौधरी-निजामपुर रोड में मिल जाती है। इस मार्ग पर करीब एक दर्जन गांव पड़ते हैं। इस सड़क मार्ग पर माइनिंग लीज एवं क्रेशर बने हुए हैं। खातौली, धौलेड़ा, बखरीजा आदि स्टोन क्रेशर एवं माइनिंग जोन इस सड़क मार्ग पर पड़ते हैं। जिस कारण इस रोड पर जिले के सबसे ज्यादा डंपर इसी मार्ग पर चलते हैं। यह डंपर एवं बड़े-बड़े ट्राले, ट्रेलर आदि ओवरलोड चलते हैं और अधिक भार के कारण काले तारकोल वाली सड़क इनका वजन सह नहीं पाती है तथा बार-बार टूट जाती है। सड़क टूटने पर सड़क में न केवल गड्ढे बन जाते हैं, बल्कि उनसे धीरे-धीरे करके धूल उड़ने लगती है, जो लोगों के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल असर डालती है। इस सड़क खासकर इसके बार-बार टूटने को लेकर ग्रामीण बड़े भारी परेशान थे।



नारनौल। पीडब्ल्यूडी विभाग ने उखेड़ना शुरू किया धौलेड़ा सड़क मार्ग।

**डा. अभयसिंह के प्रयास लाए रंग**

*इस सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे, जिनकी आवाज नांगल चौधरी के विधायक एवं सिंचाई मंत्री डा. अभयसिंह यादव बने। उन्होंने एक साल पहले तत्कालीन सीएम मनोहर लाल के सामने इस मांग को रखा था, जिस तब ही मंजूर कर दिया गया था। अब इसका निर्माण शुरू होने से लोगों को जरूरत राहत मिल सकेगी।*

**धौलेड़ा के लोग थे प्रभावित**

*यूं तो इस सड़क मार्ग पर दर्जनों गांव पड़ते हैं, लेकिन इसका सबसे ज्यादा नुकसान धौलेड़ा के ग्रामीणों को हो रहा था, क्योंकि यह सड़क मार्ग धौलेड़ा गांव के बीच से होकर गुजरता है। गांव बीच सड़क से गुजरते ओवरलोड डंपरों के कारण दिन-रात भारी मात्रा में धूल उड़ती रहती थी और ग्रामीण दमा, एलर्जी, सांस, टीबी एवं अन्य रोगों से ग्रस्त रहने लगे थे। हालात इस कद्र खराब थे कि अनेक ग्रामीणों को लाइलाज बीमारियों के जकड़ने पर उन्हें घरबार छोड़कर पलायन होने को मजबूर होना पड़ा था। ग्रामीण इस समस्या को लेकर बार-बार रोड जाम भी करते थे, लेकिन सुनवाई लंबे समय तक सुनवाई नहीं हुई।*

**गांव में बनाना पड़ा बाईपास**

ग्रामीणों ने जब डंपरों के गांव में से गुजरने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया और सड़क पर धरना देकर उसे जाम करने लगे, तब प्रशासन एवं सरकार जागी और धौलेड़ा गांव में बीगोपुर वाले बंधे पर नई सड़क का निर्माण धौलेड़ा बाईपास के रूप में करवाया। यह बाईपा धौलेड़ा के सीनियर सेकेंडरी के पास से होते हुए बंधे के ऊपर से गुजरता है और आगे जाकर फिर उसी सड़क में मिल जाता है। जिस पर ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। यह बाईपास हाल ही में लोक निर्माण विभाग ने सीसी का ही बनवाया है।

**सड़क की स्थिति**

*नारनौल-नांगल चौधरी रोड पर नई अनाज मंडी कॉनर से शुरू होकर यह सड़क धौलेड़ा होते हुए नांगल चौधरी-निजामपुर रोड पर धौली पहाड़ी के पास मेघोत बिंजा में जाकर मिलती है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 15 किलोमीटर है, जबकि चौड़ाई सात मीटर है। फिलहाल तारकोल-कंकरीट से बनी इस काली सड़क जितना ही इसका यही साईज बरकरार रखा जाएगा, लेकिन अब यह सीमेंट-कंकरीट वाली सीसी सड़क होगी। सरकार ने इसके लिए 16.46 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं तथा कंस्ट्रक्शन कंपनी को इसका एक साल में निर्माण करना होगा।*

**इन गांवों को होगा फायदा**

*यह मार्ग काफी व्यस्त माग है तथा डंपरों से तारकोल वाली सड़क जल्दी ही टूट जाती थी, लेकिन अब सीसी की सड़क बनने से कुछ लंबे समय तक चलने की इसकी उम्मीद है। इस सड़क के बनने से नारनौल-धौलेड़ा रोड के ग्रामीणों ताजीपुर, नांगल श्यालू, कारोता, खातौली जाट, खातौली अहीर, कमानियां, ख्वाजपुर नांगलिया, बेरूंडला, धौलेड़ा, बीगोपुर, मेघोत हालां व मेघोत बिंजा से आगे निजामपुर रोड के गांवों को भी सीधा फायदा होगा। नांगल चौधरी क्षेत्र के इस रोड से जुडे ग्रामीणों को नांगल चौधरी जाने की बजाए सीधे नारनौल से कनेक्ट होने का मौका मिलेगा।*

**यह कहते हैं अधिकारी**

*लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्विनी कुमार ने बताया कि नारनौल-धौलेड़ा रोड का नवनिर्माण करवाया जाना है। इसकी लंबाई करीब 15 किलोमीटर है और चौड़ाई सात मीटर है। इसे अब सीसी रोड बनाया जाएगा तथा लंबाई-चौड़ाई पहले जितनी ही रखी जाएगी। इस सड़क को एक साल में पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। सड़क बनकर तैयार होने पर ग्रामीणों एवं वाहन चालकों को राहत मिल।*



### बॉक्सिंग चैंपियनशिप तमन्ना ने जीता गोल्ड

**नारनौल।** शहर की बेटी तमन्ना नरवाल ने इंडो-नेपाल इंटरनेशनल आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2024 में गोल्ड जीत कर देश का परचम नेपाल में फहरा दिया है। इस खुशी के अवसर पर शहर की सभी संस्थाएं व लोग बेटी की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर उनके पूरे परिवार को बधाइयां दे रहे हैं। गौरतलब है कि अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाली तमन्ना नरवाल मूल रूप से राजस्थान के दिलपुरा गांव से है, लेकिन अब काफी वर्षों से वह परिवार सहित केशव नगर में ही रहती हैं।

### यूजीसी नेट परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन शुरू

**नारनौल।** सीएसआईआर यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए अब खत्म हो गया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने एक मई को आधिकारिक रूप से सूचना जारी कर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। कम्प्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड़ संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार व सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए आयोजित की जाती है। भारतीय विश्वविद्यालयों में तो यह एक महत्वपूर्ण परीक्षा है और सीएसआईआर यूजीसी नेट जून 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र एक मई से 21 मई तक चलेगा।

# एनएच 152-डी पर कट की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी



कनीना। कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण।

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 420वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता ओमप्रकाश बागोत ने की। उन्होंने कहा कि सरकार के आश्वासन के बावजूद कट के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण तपती गर्मी में धरना देने का मजबूर हैं। धरना संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, हरिओम पोता, विजयपाल, सतपाल सिंह, रामकिशन, रणधीर पहलवान, मनीराम अत्री, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट | स्वीप एक्टिविटी: क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए नीरपुर राजपूत तैयार

# डीसी इलेवन, बैंकर्स इलेवन व ग्रामीण इलेवन के बीच मैच आज

- क्रिक हीरोज एप के जरिए देख सकेंगे लाइव

हरिभूमि न्यूज नारनौल

जिले के गांव नीरपुर राजपूत (अटेली) के सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में स्वीप एक्टिविटी के तहत होने वाले दिन-रात क्रिकेट मैच के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मैच को लेकर आसपास के ग्रामीणों में भारी उत्सुकता का माहौल है। गांव नीरपुर राजपूत मेजबानी के लिए तैयार है। स्टेडियम को पूरी तरह से सजा दिया गया है। जिला प्रशासन व पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से व सम्राट पृथ्वीराज चौहान सोशल क्लब के सहयोग से आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सभी टीम तैयार है। इस टूर्नामेंट में डीसी इलेवन, पीएनबी इलेवन व विलेजर्स इलेवन की टीमें हिस्सा लेंगी। यह मैच छह मई को चार बजे शुरू होगा जो देर रात तक चलेगा। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य लोकसभा आम चुनाव के लिए नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। इससे पहले भी जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करवाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। फिलहाल तीनों टीमें लगातार अभ्यास में पसीना बहा रही हैं। तीनों टीमों के खिलाड़ियों की अलग-अलग रंगों की टी-शर्ट पर स्वीप एक्टिविटी का लोगो छपवाया गया है, जो आम नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करेगा। एक तरफ जहां मौके पर बैठकर नागरिक इस मैच का आनंद लेंगे। वहीं क्रिक हीरोज एप के जरिए कोई भी नागरिक इसका लाइव देख सकेगा।



नारनौल। क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों में लगे कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

**मतदाना जागरूकता को हो रहीं प्रतियोगिताएं**


*स्वीप एक्टिविटी के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने इस टूर्नामेंट के बारे में बताया कि उपायुक्त मोनिका गुप्ता के दिशा निर्देश पर जिला महेंद्रगढ़ में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में इस मैच का आयोजन किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों के साथ जुड़कर इस अभियान को आगे बढ़ाया जा सकें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस तरह की गतिविधियों में अधिक से अधिक हिस्सा लें व आम नागरिकों को प्रजातंत्र के इस पर्व में वोट डालने के लिए प्रेरित करें।*

# साहित्य

*प्रत्येक गृहस्वामी अपने गृह का राजा और पत्नी रानी है। कोई गुप्तचर, चाहे देश के राजा का ही क्यों न हो, यदि उसके निजी वार्ता को सार्वजनिक घटना के रूप में प्रचारित कर दे, तो उसे गुप्तचर का अनाधिकार, दुष्टाचरण ही कहा जाएगा।*
**- महादेवी वर्मा**



*अभी यहाँ घर जैसा खाना मिलता है इसलिए लोग आते हैं। पैसा भी तो बच जाता है सर। और इनके थकान की बात तो निकाल ही दीजिये मन से। ये खेत में काम करने वाली हड्डियाँ हैं। हम लोग थक जाते हैं सर, पर ये नहीं।'*
*मेरी नजरें फिर से उन दोनों से जा टकराईं। बिल अदा कर मैं बाहर निकल आया। मन उस ढाबे में अटक गया है। बहुत देर तक वे उदास आँखें मेरा पीछा करती रहीं।*



# उदास आँखें

कहानी | **आशा पाण्डेय**



सुबह घर से निकलते समय ही तय कर लिया था कि आतिथ्य भोजनालय में रुक कर नाश्ता कर लूँगा। अमरावती से नागपुर के तीन घंटे के सफर में डेढ़ घंटे बाद पड़ने वाले आम के बगीचों के बीच बना भोजनालय अभी कुछ महीनों पहले ही खुला है। वहां का दही-पराठा बहुत फेमस है। भोजन भी घर जैसा स्वादिष्ट होता है। इस बार मैं भी उस भोजनालय का स्वाद लेना चाहता हूँ।

ड्राइवर को आतिथ्य भोजनालय में रुकने को कह, मैं सीट से सिर टिका कर आँखें बंद कर, आज होने वाली मीटिंग के बारे में सोचने लगा। कई दिनों से कार्य की अधिकता की वजह से सो नहीं पा रहा था, इसलिए आँखें बंद करते ही नींद में चला गया। जगा तब, जब ड्राइवर ने आवाज लगाई – "साहब आतिथ्य भोजनालय" आ गया।"

चौंककर मैंने आँखें खोली– तो मैं डेढ़ घंटा सो लिया ..!

"चलो नाश्ता कर लिया जाए।" ड्राइवर से कह मैं कार से बाहर आ गया।

बाहर गर्म हवाएँ एक झोंके की तरह आम के पेड़ों से टकरा कर बह रही हैं। मैंने घड़ी देखा, सुबह के नौ बजने वाले हैं, लेकिन लग रहा है, दोपहर हो गई हो जैसे। जुलाई की सुबहें कुछ देर बाद ही अपनी नरमाहट भूल कर उमस भरी चिपचिपी हो जाती हैं। भोजनालय में पहुँचकर मैंने चारों तरफ एक नजर दौड़ाई- हरी क्यारियों और गझिन पेड़ों के बीच बाँस की फट्टियों को कलात्मक तरीके से जोड़कर दो-तीन छोटी-छोटी गुमटियाँ बनाई गईं हैं। ग्राहकों के बैठने के लिए पेड़ों के नीचे गोल टेबल और कुर्सियां रखी हैं, वहीं पास में रंग-बिरंगे मटके बड़े करीने से सजे हैं। अभी-अभी हुए पानी के छिड़काव से मिट्टी की सौंधी महक उठ रही है,जो मुझे पीछे किसी याद में ले जाने को मचल रही है। यूँ इस जगह पर आकर मुझे तरो-ताजा और खुश महसूस करना चाहिए, किन्तु न जाने क्यों सब कुछ सूना-सूना और उदास लग रहा है।

मेरे आते ही एक युवक फुर्ती से मेरे पास आया और बड़ी गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मुझे एक टेबल की ओर ले गया। मैं इधर-उधर देख कर एक घने पेड़ की छाँव में बैठ गया। उस टेबल से दस कदम की दूरी पर बाँस से घिरी खुली रसोई है। चूल्हे के पास साठ-पैंसठ वर्ष की एक वृद्ध महिला गुमसुम बैठी है। वह इधर की ओर देख रही है। उसके आस-पास बड़े-बड़े भगोने ढके हुए रखे हैं। चूल्हे से कुछ दूरी पर एक कुर्सी-मेज लगी है। जहाँ एक वृद्ध बैठा है।

भोजनालय में भीड़ नहीं है। बस, एक दो परिवार, जो नाश्ता कर उठने वाले थे, दिखे।

मेरे बैठते ही एक लड़का मेरा टेबल साफ कर पानी का जग और मेन्यू कार्ड रख गया। फिर वह युवक, जिसने बढ़कर मेरा स्वागत किया था, आया।

'बताएं सर, क्या लेना पसंद करेंगे? रस्सा-पोहा, बटाटा बड़ा, दही पराठा ..? जो कहें आप। भोजन करने का मन हो, तो गर्मागर्म झुनका-भाखर भी तैयार मिलेगी।'

'नहीं, अभी भोजन का समय नहीं है, दही-पराठा लगवा दो। उधर ड्राइवर से पूछ लो, वह जो लेना चाहे जल्दी बन तो जायेगा न ?' मैंने घड़ी देखते हुए पूछा।

'जी सर, बस दस मिनट' कहकर वह उस महिला को हांक लगाया- 'फटाफट दो पराठे और दही भेजवा इस टेबल पर।'

वृद्ध महिला की उदास आँखें और उदास हो गईं। वह जलती लकड़ी को चूल्हे में सरका कर आटे की लोइयाँ बनाने लगी। कुछ दूर पर बैठे वृद्ध के चेहरे पर अजीब-सी बेचैनी छा गई। मेरा मन द्रवित हुआ —इस उमर में नौकरी! मजबूरी होगी!

युवक की हांक जारी है- जल्दी कर माँ! एक बन जाये तो थाली लगाकर दे। फिर दूसरा सेंकती रहना।' फिर मेरी ओर मुखातिब होकर बोला – 'सर, एक के बाद एक गरम-गरम मिलता जायेगा आपको। चूल्हे का करारा सिंका पराठा .. मजा आ जायेगा आपको।'

उस महिला के लिए युवक का 'माँ' संबोधन मुझे अच्छा लगा। मैंने सोचा–युवक बुजुर्गों का आदर करना जानता है। मेरे पास से हटते ही उसने फिर से महिला को आवाज लगाई – 'जल्दी भेज इस टेबल पर नाश्ता...अभी तक सिंका नहीं?'

महिला पराठा रखने के लिए प्लेट उठा रही थी। लड़के के बोलते ही न जाने कैसे उसके हाथ से प्लेट छूटकर गिर गई। लड़का चिल्लाया–क्या कर रही है? सबेरे-सबेरे ही तेरे हाथ से बरतन छूट रहे हैं? झूमते हुए काम करती है क्या, जल्दी ला।'

*"बाहर गर्म हवाएँ एक झोंके की तरह आम के पेड़ों से टकरा कर बह रही हैं। मैंने घड़ी देखा, सुबह के नौ बजने वाले हैं, लेकिन लग रहा है, दोपहर हो गई हो जैसे। जुलाई की सुबहें कुछ देर बाद ही अपनी नरमाहट भूल कर उमस भरी चिपचिपी हो जाती हैं।भोजनालय में पहुँचकर मैंने चारों तरफ एक नजर दौड़ाई– हरी क्यारियों और गझिन पेड़ों के बीच बाँस की फट्टियों को कलात्मक तरीके से जोड़कर दो–तीन छोटी–छोटी गुमटियाँ बनाई गईं हैं। ग्राहकों के बैठने के लिए पेड़ों के नीचे गोल टेबल और कुर्सियां रखी हैं, वहीं पास में रंग–बिरंगे मटके बड़े करीने से सजे हैं। अभी–अभी हुए पानी के छिड़काव से मिट्टी की सौंधी महक उठ रही है,जो मुझे पीछे किसी याद में ले जाने को मचल रही है। यूँ इस जगह पर आकर मुझे तरो–ताजा और खुश महसूस करना चाहिए, किन्तु न जाने क्यों सब कुछ सूना–सूना और उदास लग रहा है।"*

युवक के लिए थोड़ी देर पहले मेरे मन में उपजे विचार तिरोहित हो गए। मैं उस महिला को देखने लगा। प्लेट में दही-पराठा,अचार सजा कर महिला घुटने पर हाथ रख उठी और धीरे-धीरे चलते हुए प्लेट मेरी टेबल पर रख गई। मैं नाश्ता करने लगा। पराठा वाकई स्वादिष्ट बना है। खाते-खाते मेरी निगाहें पराठा सेंकती महिला पर ठिठकती रहीं। चूल्हे की आँच के सामने लाल हुए झुलसे चेहरे की कसक लिए महिला तल्लीनता से पराठा बेलने,सेंकने में जुटी है और एक-एक कर टेबल पर पहुँचाये भी जा रही है।

नाश्ता हो जाने के बाद जब वह प्लेट उठाने आई तब मैंने पराठे के स्वाद का बखान कर दिया। वह कुछ झेपी,हिचकिचाई,फिर प्लेट उठाकर चली गई।

युवक बिल लेकर मेरी टेबल पर आया। आत्मविश्वास से भरी उसकी आँखें चमक रही हैं। उसने पूछा, "सर पराठा अच्छा लगा न ?"

"हाँ यार, बहुत स्वादिष्ट थे पराठे ड्ड माता जी के हाथों में जादू है ड्ड पर इस उम्र में नौकरी ..?"

" नहीं सर, नौकरी नहीं ड्ड ये मेरी माँ हैं। और उधर जो कुर्सी पर बैठे हैं, वे पिता हैं।"

मैं अवाक, बस "अच्छा " कह पाया। ये इसके माता पिता हैंड्ड. फिर भीड्ड! मेरी आवाज घुटकर रह गई। "हाँ सर, ये दोनों घर में बैठे बोर होते रहते थे। कुछ काम धंधा नहीं था इनके पास, घर के लोग भी दिन भर वही-वही चेहरा देख देखकर बोर होते थे ड्ड बस बैठा दिया यहाँ।' कहते हुए लड़का किसी रहस्य- सा मुस्कराया फिर आगे बोला– अब यहाँ दिनभर लोगों के बीच में मन लगा रहता है इनका। एक बाई भी है, आज छुट्टी पर है। दोनों मिलकर सम्भाल लेती हैं। आप तो देख रहे हैं, एक लड़का भी रखा है। आराम से हो जाता है सब।' युवक माँ-बाप की उम्र, थकान, निराशा को न सुनना चाहता है न सोचना। महिला खमोश हो हमारी बातों को सुन रही है। 'ये जगह तुम्हारी है या किराये पर लिए हो?' मैंने बात बदलने की कोशिश की।

'मेरी खुद की है। बाबा (पिता )ने खरीदा था। हाइवे पर है, तो ख्याल आया कि यहाँ ढाबा शुरू कर दिया जाये तो अच्छी कमाई होगी।'

'वो तो ठीक है, पर एक कुक रख लो यार, माता जी चूल्हे के सामने...थक जाती होंगी। अब इनके आराम के दिन हैं।' न जाने कैसे मेरे भीतर उमड़ता गुबार बाहर आ गया।

'कुक रखने के बाद तो हमारा ढाबा भी अन्य ढाबों जैसा ही हो जायेगा न सर,... अभी यहाँ घर जैसा खाना मिलता है इसलिए लोग आते हैं। पैसा भी तो बच जाता है सर। और इनके थकान की बात तो निकाल ही दीजिये मन से। ये खेत में काम करने वाली हड्डियाँ हैं। हम लोग थक जाते हैं सर, पर ये नहीं।'

मेरी नजरें फिर से उन दोनों से जा टकराईं, जो बेटे की बातों को सुनते हुए उन्हें हजम करने को मजबूर दिखीं।

बिल अदा कर मैं बाहर निकल आया । मेरी गाड़ी नागपुर की ओर आगे बढ़ रही है और मन उस ढाबे में अटक गया है। बहुत देर तक वे उदास आँखें मेरा पीछा करती रहीं।

*(लेखिका वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*

कविता | **अन्नू प्रिया**



## खत्म होती उम्र

गांवों के अंधियारे चौबारों में
खेलता हुआ भूखा बचपन
आधार कार्ड पर नाम सही नहीं
मनरेगा में पालकों का
रोज कम मिल रहा श्रमदान
रोज एक पहर भोजन लिए
हर रात भूखा सोता बचपन
हाथ में कलम के बजाए
चौराहे पर खड़े हो पिता संग
मजदूरी खोज रहा यौवन,
महज 50-100 रुपये लिए
धूप में झुर्रियों संग खेतों में
खत्म हो गया मन का सावन
ये भूख की आग ऐसी है कि
दाह-संस्कार से पहले खाते में
टटोले लिए जाते हैं पैसे।
बीमा कंपनी में क्लेम मिल जाए
आंगन में अकड़ा हुआ पड़ा है,
घरवाले बीमा और बंटवारे सोच रहे।
दिल्ली मुंबई लिए सूटकेस-बैग भरे,
जनरल बोगी में ठूंसे हुए अभागे,
सोच रहे सपनों के पूरा होने लिए
निकल पड़े अपने मन के अंधियारे से
गगनचुंबी इमारतों में खोने-गिरने लिए।।

कविता | **निधि राठी**



## खुशनुमा

हर रोज थोड़ा संवरती है, थोड़ा संभलती है,
इतराती है, आईने से बातें करती है,
हवा सी उड़ती है, खुशनुमा सी हस्ती है,
मिजाज गरम है, लहजा नरम है,
हार जाएगी, ये तुम्हारा भ्रम है,
खिलखिला कर निकल जाती है वो इन तंग गलियों से,
कुछ ऐसे खुदा के उसे पर कर्म है।
पुराने ख्यालों की लड़की है, हल्की सी बिंदी
और गजरे से अपने बालों को सजाती है,
आसमान से बातें करती है, चांद के संग
ठहाके लगाती है, सितारों से बहस करती
है, सूरज को मात देती है, यूं तो फूल सी
नाजुक है पर कांटों से भिड़ जाती है,
यूं ही लोग उसे माया नहीं कहते,
वो मोहब्बत से पत्थर में जान डाल जाती है।
बड़ी गहरी बातें करती है, प्रेम में विश्वास रखती है,
अजीज बना ले अगर किसी को,
तो दिल की बेहद गरीब रखती है,
ठोकरें खाती है,फिर उठ जाती है,
कई बार अपनों से ही मार खाती है,
आहट तक नहीं आती उसकी तकलीफ़ के शोर से,
कुछ इस कदर जज़्बातों को संभाल जाती है।

बाल गीत | **महेन्द्र सिंह बिलोटिया**



## भारत का गौरव गान

नन्ही मुनी जान हु मैं अतीत का तौफान
भारत का गौरव गान हु मैं वीरों की सन्तान

सुनी कहानी वहीं पुरानी शेरों वाली
दिन का उजाला परखी रात अंधेरे वाली
तम भी थाम जाता जब सज रात में मान
भारत का गौरव गान

हमनें जानी कुर्बानी पुर्वजों से पाई
पगडंडी पर पैर धरे सिंधी मिलती राही
लक्ष्य भेदी नजर हमारी केन्द्र पर है ध्यान
भारत का गौरव गान

सत्य अहिंसा प्रम धर्म है अपना
निर्भय निड़र धीर वीर मोत समझते सपना
सबक सिखाकर दुश्मन को करें नहीं अभिमान
भारत का गौरव गान

दीन हीन को दिया सहारा अश्रु धारा रोकी है
निर्बल को बल देकर ज्यान स्वम की झोंकी है
महेन्द्र सिंह इस देव धरा को पुजे सकल जहान
भारत का गौरव गान

लघुकथा | **सुरेश हिंदुस्तानी**



## दुआ का असर

ममता ! अरी ओ ममता ! अरे आज आप ऑफिस से जल्दी आ गए। अरविन्द के चेहरे पर कुछ उदासी के भाव थे। अरविन्द ने कहा ममता जल्दी से बैग में कपडे रखो। हमें शाम की ट्रेन से भोपाल निकलना है। पिताजी की तबियत खराब है। मैंने ट्रेन के दो टिकट ऑनलाइन बुक कर लिए हैं। ममता ने भी वक्त को समझा और झटपट कपड़े निकालने लगी। जनवरी का महीना होने के कारण सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े भी निकाल लिए। तैयारी करते करते साढ़े चार बज गए। अरविन्द ने कहा हमें अभी निकलना चाहिए। ट्रेन छह बजे की है। 15 से 20 मिनट स्टेशन पर ही लग जाते हैं। दोनों बाहर आए और ऑटो रिक्शा करके स्टेशन चल दिए। लगभग 40 मिनट बाद स्टेशन पहुँच गए और ट्रेन पकड़ी। इसी ट्रेन में एक मजदूर दम्पति भी अपने दो छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे थे। जब ट्रेन आगरा से निकली, तब सर्दी ने अपना असर दिखाना प्रारंभ कर दिया। मजदूर दंपत्ति पर ठण्ड का असर दिखने लगा था। हाँ मजदूर की पत्नी एक पतला सा शाल ओढ़े हुए थी। बच्चे भी नाम मात्र को गर्म कपड़े पहने हुए थे। मजदूर की हालत देख अरविन्द ने रघुनाथ से पूछ ही लिया कि आप गर्म कपड़े पहन लीजिए। रघुनाथ ने बात को सुनते हुए भी अनसुना कर दिया। तभी अरविन्द ने कहा ममता मेरा वह गर्म बनियान निकाल देना जरा। ममता भी सेवा भावी स्वभाव की थी इसलिए उसने तत्काल ही गर्म कपड़ा निकाल दिया। रघुनाथ ने कहा कि रहने दीजिए साहब। तब अरविन्द ने कहा - मुझे अपना बड़ा भाई समझकर ले लीजिए। इसके बाद रघुनाथ ने धीरे से अपना हाथ बढ़ाया, लेकिन फिर से हाथ रुक गए। अरविन्द ने जबरदस्ती गर्म कपड़ा रघुनाथ के हाथ में रख दिया। अरविन्द ने कहा कि अब इसे पहनो। रघुनाथ को अरविन्द के इस शब्द में अपनत्व दिखा और वह कपड़ा पहन लिया। मजदूर की पत्नी ने अरविन्द को दुआ देते हुए कहा कि भाई साहब आज के जमाने आपके जैसे बहुत कम लोग हैं। अब रघुनाथ को सर्दी का अहसास नहीं था। उसकी बातों में भी खुलापन आ गया। रघुनाथ ने अरविन्द से कहा कि भाई साहब आप इतने अच्छे मन के है तो आपके पिता बहुत अच्छे होंगे। उनको भगवान लम्बी उम्र दे। इतने में ही अरविन्द को अपने पिता का ध्यान आया। अरविन्द ने ममता से कहा कि पता नहीं पिताजी की तबियत कैसी होगी। यह बात मजदूर की पत्नी ने भी सुनी। उसने कहा भाई साहब आपके पिताजी को कुछ नहीं होगा। वो ठीक हो जाएंगे। इतने में ट्रेन में नींद का झोंका आ गया, लेकिन आँखों से नींद दूर ही थी। फिर भी अपनी अपनी सीट पर लेट गए। सुबह पांच बजे ट्रेन भोपाल पहुँच गई। रघुनाथ ने अरविन्द का सामान उतारने में मदद की। उन्होंने स्टेशन से ऑटो किया और घर पहुँच गए। चूँकि पिताजी अस्पताल में भरती थे, इसलिए ममता और अरविन्द अस्पताल चल दिए। अस्पताल में अरविन्द के बड़े भाई प्रवीण भी मिल गए। अरविन्द को देखकर प्रवीण की आँखों में आंसू आ गए। अरविन्द भी किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हो गया। इतने में ही चिकित्सक आ गए। चिकित्सक ने कहा कि कल रात्रि तक आपके पिताजी की तबियत बहुत खराब थी। कोई दवा भी काम नहीं कर रही थी। अब यह ठीक लग रहे हैं। ऐसा लगता है कि इन पर दवाओं का नहीं किसी की दुआ का असर हुआ है। तभी यह बच गए। वरना हमने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी। चिकित्सक के इतना कहने के बाद ही ममता और अरविन्द के सामने ट्रेन वाले मजदूर के परिवार का चेहरा घूम गया। अरविन्द को महसूस हुआ कि दुआओं का असर होता है।

**साहित्य के प्रति युवा पीढ़ी की घटती रुचि का मुख्य कारण करियर बनाने की गला- काट स्पर्धा है। हमें ऐसा नूतन व गूढ़ सृजन करना होगा जिससे हमारी युवा पीढ़ी में साहित्य के प्रति अनुराग पैदा हो । सकारात्मक प्रयासों से युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ सकते हैं ।**

साक्षात्कार | **शशि कांत चौहान**


# नूतन सृजन युवाओं में साहित्य के प्रति अनुराग पैदा करेगा: गुलिया

कहते हैं साहित्य समाज का दर्पण है लेकिन साहित्य दर्पण से भी बढ़कर है क्योंकि दर्पण तो किसी वस्तु का बाह्य रूप दर्शाता है, जबकि साहित्य समाज के अन्तर्मन की अभिव्यक्ति है। साहित्य समाज के मूल्यों का निर्धारक है। यह बात साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कही।

उनका कहना है कि साहित्य समाज का एक सशक्त अंग होता है। साहित्य अतीत से प्रेरणा लेता है, वर्तमान को चित्रित करता है तथा भविष्य का मार्गदर्शन करता है। किसी भी लेखक के लेखन का आरम्भ स्वान्तः सुखाय होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो लेखन रचनाकार का साहित्यिक अभिव्यक्ति में भोगा हुआ यथार्थ होता है। जो एक सुनिश्चित स्वरूप व खास शिल्प में आमजन के सामने आता है। यह गढ़ना या गढ़ने की क्षमता उसे आम से खास बनाती है। राजपाल सिंह गुलिया का जन्म 27 दिसम्बर 1964 को गाँव जाहिदपुर, झज्जर (हरियाणा) में हुआ। उनके पिताजी का नाम श्री धुपल सिंह व माता जी का नाम श्रीमती खीमा देवी है। मेरे मात-पिता पढ़े लिखे भले नहीं थे, मगर ये उनकी दूरदर्शिता का परिणाम था कि उन्होंने बच्चों को न केवल साक्षर बल्कि शिक्षित भी किया। गाँव में पाँचवीं तक की प्राथमिक पाठशाला होने के कारण सभी बहनों को कक्षा पाँच तक पढ़कर ही संतोष करना पड़ा, लेकिन राजपाल ने सन 1984 में नेहरू कालेज झज्जर से बी.ए. पास किया उधर घर वालों ने शादी तय कर दी। परिवार में कोई साहित्यक माहौल नहीं था, मगर कालेज के दिनों में शेरो शायरी का शौक तो था, लेकिन उन्होंने उसे गंभीरता से नहीं लिया । शादी के पश्चात वह 06 दिसम्बर 1985 को भारतीय सेना की सेना शिक्षा कोर में शिक्षा अनुदेशक के पद पर भर्ती हो गए। सेना में सेवाकाल के दौरान दूसरा स्थानांतरण पठानकोट हुआ तो यहीं से लेखन का सूत्रपात हुआ। ब्रिगेड के पुस्तकालय का चार्ज लेते ही लगा कि बरसों की मुराद अब पूरी हुई है। वहाँ पर रामधारी सिंह दिनकर, अमृतलाल नागर, रांगेय राघव, मुंशी प्रेमचंद और भी न जाने कितने स्वनाम धन्य लेखकों की पुस्तकें पढ़ीं, क्योंकि घर में या घर से दूर-दूर तक साहित्य का 'स' तक नहीं था। उन दिनों दैनिक ट्रिब्यून में सोमवार को कथा-कहानी परिशिष्ट आता था। वह भी उस पत्र में लिखना चाहते थे, लेकिन उनके एक शुभचिंतक ने चेताया कि आप सेना में रहते हुए नहीं लिख सकते । सारा जोश ठंडा हो गया। उसने आगे बताया कि आप अपनी पत्नी के नाम से रचना भेज सकते हैं । एक अनुभवी साथी ने बताया कि आप लिख सकते हैं, मगर उसमें सेना की छवि को धूमिल करने वाली बात या सेना संबंधी कोई सूचना नहीं होनी चाहिए । बस फिर क्या था, 24 जनवरी 1996 को पहली लघुकथा 'डायन ' प्रकाशित हुई । फिर तो सिलसिला चल निकला पंजाब केसरी में 'खबरों की मुरम्मत' कॉलम के लिए साल दो साल खबरों की मुरम्मत भी की। पठानकोट से स्थानांतरण के बाद समाचार-पत्रों में प्रकाशन का सिलसिला बंद हो गया। सेना की घुमंतु व भागदौड़ भरी दिनचर्या ने लेखन लगभग भूला ही दिया। सन 2005 में सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के पश्चात उस्ताद लोगों से छंद का ज्ञान लिया तथा दोहे, कुण्डलिया , बालगीत , कह मुकरी व मुक्तक आदि रचने प्रारंभ किए । मात्रिक ज्ञान डॉक्टर श्याम सखा 'श्याम' व डॉक्टर रामनिवास मानव से लिया तथा कुण्डलिया छंद की बारीकियाँ त्रिलोक सिंह ठकुरेला से जानी। उन्होंने गंभीर लेखन उम्र के उस पड़ाव में प्रारंभ किया जिस उम्र में बहुत से नौजवान शायर ग़ज़ल कहना छोड़कर अपनी घरेलू जिम्मेदारियाँ संभाल लेते हैं। उनके प्रथम दोहा संग्रह 'उठने लगे सवाल' का विमोचन हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 06 नवम्बर 2018 को हरियाणा साहित्य अकादमी सभागार पंचकुला में किया था।

### प्रकाशित पुस्तकें

उनकी अनेक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। उनके विभिन्न विधाओं में लिखी पुस्तकों में उठने लगे सवाल (दोहा संग्रह), इतनी सी फ़रियाद (कुंडलियाँ संग्रह), निर्मल देश हमारा (बाल कविता संग्रह), देगा कौन जवाब (दोहा संग्रह), समकालीन दोहा कोश, दोहा द्वीप, दोहा दर्पण, आधुनिक दोहा, मानक कुंडलियाँ, 101 प्रतिनिधि दोहाकार, दोहे के सौ रंग, दोहे मेरी पसंद के, मनोभाव की अभिव्यक्ति, नयी सदी के दोहे, हिंदी हाइकु कोश, बूँदों की चौपाल, अभिनव कुंडलियाँ , कुंडलियाँ कुसुम, इक्कीसवीं सदी की कुंडलियाँ, आज के दोहाकार,समकालीन कुंडलियाँ शतक, समकालीन दोहा शतक, मन का मनका फेरते तथा दोहा द्वीप आदि शामिल हैं। इसके अलावा देश के स्तरीय पत्र – पत्रिकाओं में भी गुलिया की रचनाओं का निरन्तर प्रकाशन होता रहता है।



राजपाल सिंह गुलिया

### पुरस्कार व सम्मान

राजपाल सिंह गुलिया को विभिन्न प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है, इनमें शब्द गुंजन दोहा सम्मान 2018, निर्मला स्मृति हरियाणा गौरव सम्मान 2019, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, नवसृजन कला प्रवीण अवार्ड, निर्मला स्मृति हिन्दी साहित्य गौरव सम्मान 2021, अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' स्मृति सम्मान, कादम्बरी स्व. भगवती प्रसाद दुबे सम्मान, डॉ. स्वर्ण किरण शिखर बाल साहित्य सम्मान व चौधरी गुगन राम सिहाग साहित्य वाचस्पति सम्मान शामिल हैं। वे दोहा, कुंडलिया, ग़ज़ल, नवगीत, बाल गीत व मुक्तक विधाओं में लिखते हैं।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम:** राजपाल सिंह गुलिया
**जन्म :** 27दिसम्बर 1964
**शिक्षा :** स्नातक , शिक्षण में डिप्लोमा .
**संप्रति :** सेना शिक्षा कोर में शिक्षा अनुदेशक ( 19 वर्ष ) व हरियाणा शिक्षा विभाग में अध्यापक ( 17 वर्ष ) पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात अब स्वतंत्र लेखन ।

# घटनाओं की विस्तृत जानकारी देती 'समग्र सामयिकी'






**पुस्तक :** समग्र सामयिकी
**लेखक :** नृपेन्द्र अभिषेक नृप
**मूल्य :** 249 रुपये
**प्रकाशक :** किताब राइटिंग

पुस्तक समीक्षा | **मनीषा मंजरी**

आलेख लेखन हिंदी साहित्य की एक ऐसी कला है, जिसके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के ज्ञान से पाठकों को अवगत कराने की कोशिश की जाती है। वर्तमान में घटित हो रही घटनाओं को अतीत और भविष्य के प्रभावों से जोड़कर आलेखों को सूक्ष्मता से विश्लेषित किया जाता है। आलेख कला मुख्यतया विवादास्पद मुद्दों पर प्रकाश डालती है जिनके विषय वृहद होते हैं, जैसे राजनीति, पर्यावरण, कानून, विज्ञान- प्रौद्योगिकी, अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, सामजिक, आर्थिक इत्यादि। वैचारिक और बौद्धिक मतभेदों से जूझते समकालीन स्थितियों को समझते हुए प्रसिद्ध लेखक, स्तंभकार, निबंधकार एवं शोधार्थी नृपेंद्र अभिषेक नृप अपनी तीसरी पुस्तक 'समग्र-सामयिकी' लेकर आये हैं। जिसमे विभिन्न विषयों पर आधारित पैंतीस आलेखों को कलमबद्ध किया गया है। छह खण्डों में विभक्त ये पुस्तक रोचक मुद्दों की सजग विवेचना करती है। यूँ तो जब ये पुस्तक हाथों में आती है तो सामान्य सी प्रतीत होती है, परन्तु पृष्ठ दर पृष्ठ पलटते हुए कब आप आखरी पन्ने तक पहुँच जाते हैं ये आभास हीं नहीं रहता।

नृपेंद्र अभिषेक अपनी पुस्तक की शुरुआत पर्यावरण सम्बन्धी मुद्दों से करते हैं, जहां उन्होंने पर्यावरण संकट के कारण पृथ्वी को होने वाली क्षति और विनाशकारी प्रभाव की गूढ़ चर्चा की है। उन्होंने इस तथ्य को गहनता से समझाया है कि मानव अपने विकास की तर्ज पर किस तरह धरती का सबसे बड़ा शत्रु बन बैठा है। अपने दूसरे आलेख में वो प्लास्टिक प्रदूषण की सांख्यिकीय विवेचना करते हैं, वहीं जैव-ईंधन के लाभ प्रयासों के बारे में जानकारी देते हैं।

दूसरे खंड की ओर अग्रसर होते हीं विज्ञान और प्रौद्योगिकी से सम्बंधित मुद्दे प्रकाश में आते हैं, जहां उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक आदि जैसे विकसित हो रहे तकनीकों से भविष्य को नयी उम्मीदों की रौशनी को संरचित होते बताया है। विभिन्न रिपोर्ट और आंकड़ों के आधार पर नृपेंद्र अभिषेक भुखमरी के बढ़ते स्तर से अवगत कराते हैं और सरकारी प्रयासों की चर्चा करते हैं। इसी प्रकार वो बाल-श्रम, बढ़ती आबादी, बेरोजगारी और सड़क हादसों जैसे विषयों का सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं। इस तरह ये पुस्तक आर्थिक विषयों के खंड तक पहुँचती है और गिग इकॉनमी, जैविक खेती की चुनौतियों से हमारा परिचय करवाती है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चालक का मोबाइल फोन छीना

**धारूहेड़ा।** सोहना कट के पास एक गाड़ी चालक का मोबाइल फोन छीनकर दो युवक फरार हो गए। राजस्थान के अभनपुरा निवासी साजिद खान ने बताया कि वह अपनी गाड़ी खाली करने के बाद सोहना कट के पास सर्विस रोड पर खड़ी करके गाड़ी में ही लेटकर मोबाइल फोन पर वीडियो देख रहा था। इसी दौरान बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से फोन छीनकर फरार हो गए।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और घर में घुसकर झपटमारी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 6 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद मामले की जांच शुरू की थी।

### डूंगरवास के सरकारी स्कूल में चोरी

**धारूहेड़ा।** डूंगरवास के सरकारी स्कूल में प्राचार्य कक्ष का ताला तोड़कर चोर इन्वर्टर व बैट्री चोरी कर ले गए। विज्ञान अध्यापक बिरेंद्र ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि स्कूल में सफाईकर्मी सरोज ने उसे फोन पर सूचना दी कि प्राचार्य के कमरे का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर गया तो प्राचार्य के रूम से एक इन्वर्टर और बैट्री गायब मिले।

### आंखें मानव के लिए किसी वरदान से कम नहीं: डॉ. पवित्रा राव

# हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति ने शहर में दो जगह लगाए हेल्थ शिविर

**समिति का प्रमुख उद्देश्य समाज हित के कार्यों को बढ़ावा देना, समाज में जागरूकता लाना, जरूरतमंदों की मदद करना: डा. पवित्रा राव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। डॉ. पवित्रा राव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नियमित रूप से आंखों की जांच करवाना महत्वपूर्ण है, भले ही आपको लगे कि आपकी दृष्टि ठीक है। आंखें मानव के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। आंखें तो सभी प्राणियों को होती हैं, लेकिन मनुष्य में इसका अलग ही महत्व है। शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें होती हैं। इसलिए इनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। उपरोक्त विचार रविवार को हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति महेंद्रगढ़ द्वारा शहर की चौहान धर्मशाला बगीची मौहल्ला खटीकान व सराय में तथा मोहल्ला महायचान स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में आयोजित दो अलग-अलग निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों के दौरान समिति की अध्यक्षा एवं आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने उपस्थित जनसमूह के समक्ष व्यक्त किए। समिति अध्यक्षा डॉ. पवित्रा राव ने कहा समिति का प्रमुख उद्देश्य समाज हित के कार्यों को बढ़ावा देना, समाज में जागरूकता लाना, जरूरतमंदों की मदद करना तथा दूसरों को भी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए समिति द्वारा क्रम को जारी रखते हुए रविवार को भी नेत्र जांच शिविरों का आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति आगे भी जनहित के कार्यों को करने में लगातार आगे रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनिया ने हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति की द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मानव के स्वास्थ्य लाभ के लिए समिति द्वारा जो पहल की जा रही है यह सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि मानव नेत्र एक अत्यंत मूल्यवान एवं ज्ञानेंद्रिय है। यह हमें इस अदभूत संसार तथा हमारे चारों ओर के रंगों को देखने योग्य बनाता है।

**समिति ने शहर में दो जगह लगाए शिविरः**

शहर में ज्यादा से ज्यादा नेत्र पीड़ितों को लाभ मिले इसके लिए हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति की ओर से शहर की चौहान धर्मशाला बगीची मौहल्ला खटीकान व सराय में सुबह 9 से 11 तक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यहां पर विशेषज्ञों द्वारा 267 नेत्र पीड़ितों के नेत्रों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श व निःशुल्क दवाइयां दी गई। इस मौके पर उपप्रधान राजकुमार, सचिव अजीत सिंह, सदस्य राजेश, सुभाष तथा प्रेमहंस द्वारा समिति के जनहित में करवाए गए कार्य की सराहना की। इसी के साथ मौहल्ला महायचान स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में सुबह 11.30 से 2 बजे तक चले नेत्र जांच शिविर में 263 नेत्र पीड़ितों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां बांटी गई। शिविर के दौरान नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजबीर यादव, डॉ. सुनीता, डॉ. सुमेर चौहान, डॉ. फरान खान, डॉ. सुरेश कुमार नेत्र पीड़ितों की जांच करने के साथ-साथ उन्हें आंखों की उचित प्रकार से देखभाल को लेकर विशेष जानकारी दी। यहां पर समिति प्रधान महावीर प्रसाद, खजांची दिलबाग सिंह, सचिव मुकेश, सदस्य हरीश कुमार, दीपक, संदीप तथा भारत मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### सैन समाज ने संत सैन महाराज की निकाली झांकी

**नांगल चौधरी।** शहर में सैन समाज ने संत शिरोमणी सैन महाराज की झांकी निकाली है तथा मानवता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शेरसिंह ने की। जिसमें अखिल भारतीय सैन महासभा से प्रधान नरेंद्र सिंह व सुबेसिंह मौजूद रहे हैं। उन्होंने समाज को संगठित होकर परोपकार मिशन चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संतों की जीवनी में जीवन का सार छुपा होता है। जिसका अध्यन करने के लिए स्वार्थ भावना को त्यागना पड़ेगा, क्योंकि स्वार्थी सोच से सामूहिक भला नहीं हो सकता। संत शिरोमणी सैन महाराज ने प्रताड़ित समाज को संगठित और विकसित करने में बड़ा योगदान दिया था। उनका मानना था कि विनम्रता ही विकास का आधार है, सहनशीलता से मानसिक विचारों को फिल्टर करने में मदद मिलती है। तर्क दिया कि गुस्सा और जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसानदायक साबित होता है। इसलिए शास्त्रों में सहनशील बनने का सुझाव अंकित है।



### सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को राहत

**महेंद्रगढ़।** गांव बेरी से भांडोर निची की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इन दोनों गांवों के ग्रामीणों ने रविवार को समाजसेवी बलवान फौजी को सम्मानित किया। बता दें कि गांव बेरी से भांडोर की ओर से जाने वाले मार्ग का पीडब्लूडी विभाग की ओर से निर्माण किया जाना था। करीब छह माह पहले सड़क को उखाड़कर छोड़ दिया गया था। जिससे कई गांवों के ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। इस मौके पर बीडीसी मेंबर ईश्वर सिंह, रमेश कुमार, अभयसिंह, कैप्टन मुकेश, विनोद फौजी, राकेश नंबरदार, सूबेदार कैलाशचंद शर्मा, मोनू कुमार, धर्मबीर राठी, डॉ. धर्मवीर पायगा, इंजीनियर संदीप शास्त्री, आलोक कुमार, सरपंच सत्यवान, एडवोकेट अशोक कुमार, जगदेव फौजी, राजकुमार यादव, मुकेश कुमार, सहीराम, जितेंद्र डाबला, राजेश मिस्त्री, धर्मवीर, महीपाल, रामौतार, दीपक, सोनू, आलोक यादव आदि मौजूद रहे।



### नसीबपुर संस्थान में धूमधाम से मनाया गया दीक्षांत समारोह

**नारनौल।** एसएमआरआरसी संस्थान नसीबपुर नारनौल में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था से वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक के सत्र में पास हुए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बहन दीक्षा, स्नेहा, शालू काव्या ने स्वागत नृत्य से किया गया, जिसमें स्पेशल बीएड एवं स्पेशल (विशेष) डिप्लोमा शिक्षा के छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के



### समर्थकों ने धूमधाम से मनाया संजय राव का जन्मदिन, लड्डू बांटकर किया खुशी का इजहार

**नारनौल।** महाराज प्रकाशनाथ के आशीर्वाद से सिंघाना रोड स्थित आदर्श कमानी वर्कशॉप पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्नल राव रामसिंह के बेटे संजय राव का 54वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर संजय रांगेरा ने लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर डोहर कलां के वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद ने संजय राव की कार्यशैली व जनता के प्रति उनकी कल्याणकारी सोच का विस्तार का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संजय राव अपने पिता स्वर्गीय कर्नल राव रामसिंह के अधूरे कायार्ें को पूरा करने में लगे हुए हैं। राव रामसिंह हरियाणा सरकार में विधानसभा स्पीकर, शिक्षा एवं परिवहन मंत्री भी रहे। केंद्र में वह भूमि विकास मंत्री रहे। समारोह का आयोजन संजय मिस्त्री बापड़ोली ने किया। संजय राव के समर्थकों ने उनके अच्छे भविष्य की भगवान से प्रार्थना की। समर्थकों में विशेष रूप से पूर्व सरपंच मुंशीराम खोड़मा, मास्टर केहर सिंह, बाबू कैलाश केशव नगर, मुकेश कुमार कारोता, अनिल मिस्त्री, राजू मिस्त्री, मनोज मिस्त्री, सोनू

### अनिशिचतकालीन धरना 152वें दिन भी जारी

**मंडी अटेली।** अटेली अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन करना 152वें भी जारी रहा। रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर सुबेसिंह ने की तथा संचालन डॉ. राजेंद्र प्रसाद खरब ने किया। संघर्ष समिति संचालक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि तोबड़ा के श्मशान घाट तक का रास्ता दो महीने से बंद पड़ा है। ऐसे में संघर्ष समिति रेलवे प्रशासन से पुरजोर मांग करते हैं कि जनहित की इस मांग को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पूरा किया जाए। संघर्ष समिति दृढ़ संकल्पित है कि जब तक अटेली मण्डी अंडरपास का शेष निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। 152वें दिन धरने पर रोहतास रिटायर्ड गिरदावर, बिजेंद्र चेयरमैन, प्रकाश खरब, महीपाल सिंह, मास्टर सुबेसिंह व हनुमान शर्मा रहे।

# रोटरी रसोई में भोजन सेवा कर मनाई एनीवर्सरी

- जरूरतमंदों को भोजन खिलाकर अपना विशेष सहयोग प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। रोटरी रसोई पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रोटरी क्लब की ओर से महावीर चौक पर संचालित रोटरी रसोई में पिछले करीब पांच वर्ष से प्रतिदिन मात्र 10 रुपये में लोगों को भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसमे रोटरी सदस्यों के अलावा क्षेत्र के अन्य जागरूक नागरिक भी अपना विशेष सहयोग प्रदान कर सेवा देते रहते हैं। इसी कड़ी में रविवार को रोटेरियन पवन यादव व मुकेश कुमारी ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ तथा अपनी पुत्रवधु अंजलि यादव के जन्मदिन के अवसर पर रोटरी रसोई में जरूरतमंदों को भोजन खिलाकर अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

उन्होंने भोजन सेवा करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ आदि अपने किसी भी विशेष अवसर पर किसी जरूरतमंद की सेवा करने से अधिक पुण्य कर्म और कुछ नहीं हो सकता। रोटरी रसोई के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाकर लोगों की दुआएं हमारे दिन को यादगार बना देती हैं। रोटरी के डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिन एडवोकेट राजकुमार यादव ने बताया कि रोटरी रसोई पर प्रतिदिन करीब 300 से 350 जरूरतमंद लोग अपना पेट भरते हैं। रसोई के समापन पर अंकित यादव व अंजलि यादव को उनके पुण्य सहयोग के लिए क्लब की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान नरेश गोगिया, विनोद चौधरी, विनय मित्तल, प्रवीण संघी, एडवोकेट राजकुमार यादव, दिनेश भार्गव, कमल सचदेवा, दुलीचंद शर्मा, प्रियंका संघी, सुचेता गोगिया, डा. उषा यादव, सारिका गर्ग, महक शुक्ला व सत्यभामा मित्तल आदि मौजूद थे।



### पूर्व सांसद राव मानसिंह जनसेवा समिति ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित

**नारनौल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में 96.45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली गांव शेखपुरा निवासी उषा को पूर्व सांसद राव मानसिंह जनसेवा समिति ने गांव में जाकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष राव सुखबिन्द्र सिंह ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि साधारण परिवार की छात्रा ने अपनी मेहनत के बल पर 96.45 प्रतिशत अंक प्राप्त करके न केवल अपना, अपने माता-पिता, गांव तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि दूसरे बच्चों के सामने एक उदहारण भी पेश किया है कि वे भी अगर कड़ी मेहनत करें तो सफलता हासिल कर सकते है। उषा पुत्री पप्पू सैनी नूनी के उमा भारती स्कूल की छात्रा रही व 12वीं की परीक्षा में 96.45 प्रतिशत अंक हासिल किए है। इस मौके पर जगदीश सैनी, रामकिशन, हरिसिंह, सुंदर, हनुमान, पप्पू सैनी, जयराम, भोलाराम, डा. दलीप आदि मौजूद थे।

# यौन उत्पीड़न के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

- मार्च प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कैंडल मार्च निकालती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस नेत्री डा. राज सुनेश यादव के नेतृत्व में रविवार को शहर में यौन उत्पीड़न के विरोध व प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्दारी की मांग को लेकर कैंडल मार्च पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से महावीर चौक तक निकाला। यह मार्च प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते किया गया, जिसमें शहर की सभी वगार्ें की महिलाओं ने भाग लिया और यौन उत्पीड़न के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया। कैंडल मार्च में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

इस दौरान डा. राज यादव ने कहा कि हमारा यह मार्च यौन उत्पीड़न के खिलाफ एक मजबूत संदेश देने के लिए है। हमें ऐसी घटनाओं के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना हासन सीट से सांसद व पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोता है। जिसने सैकड़ों महिलाओं का जीवन तबाह किया और देश छोड़कर भाग गया। इसके हजारों वीडियो वायरल हैं। जिनमें यह हर उम्र की महिला के साथ यौन शोषण कर रहा है। इन महिलाओं में पार्टी की कार्यकर्ता, घर के अंदर काम करने वाली महिलाएं, सांसद, जिला पंचायत की महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी इसकी दरिंदगी के बारे में जानते थे, फिर भी उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना को अपना साझा उम्मीदवार बनाया तथा उसके साथ मंच साझा किया, उसकी तारीफ की, पीठ थपथपाई और उसके लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि सबकी यहीं मांग है कि जल्दी से जल्दी इस अपराधी को देश वापस लाया जाए और कठोर से कठोर सजा दी जाए। इस मौके पर संदीप उर्फ टिल्लू राव, इंद्रा, सावित्री, ममता, गंगा आदि मौजूद थे।

# सैन महाराज की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



शहर के सैन चौक पर स्थित सैन महाराज की प्रतिमा के समक्ष रविवार सुबह सैन जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सैन जयंती कार्यक्रम सैन चौक के संस्थापक रहे मुकेश सैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस जयंती कार्यक्रम में सैन समाज के लोगों सहित विभिन्न समाज के लोगों ने भाग लेकर सैन महाराज को माल्यार्पण किया। जयंती कार्यक्रम को लेकर सुबह सैन चौक पर बनी सैन महाराज की प्रतिमा को दूध, दही, शहद व गंगाजल से स्नान करवाया गया। इसके बाद वहां विधि-विधान से सैन महाराज की पूजा अर्चना कर सभी ने माल्यार्पण किया और उसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुकेश सैन ने कहा कि आज बिखरते हुए समाज को एक करने के लिए हमें सैन महाराज के आदशार्ें को अपनाना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से ही आने वाली पीढ़ी को महापुरूषों के बारे में ज्ञान प्राप्त है। वहीं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पहुंचे प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि महापुरुष कभी किसी एक समाज के नहीं होते और वे सबके लिए पूजनीय होते है।

**जरूरतमंद बेटियों के समय से हाथ पीले कराना ही मकसद**

# नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप ने शादी में दिया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। शादी में दिए जाने वाले सामान के साथ ग्रुप के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप ने रविवार को संस्था की मुहिम सुकन्या विवाह के अंतर्गत दो जरूरतमंद परिवार की बेटियों की शादी में सहयोग किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी पवन यादव थे। विशेष आमंत्रित अतिथि राकेश यादव चेयरमैन यूएसएसएल अकेडमी थे। पवन यादव ने कहा कि सभी को इस मुहिम में अपनी भागीदारी अवश्य करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जहां आज-कल लोगों के पास अपनों के लिय समय नहीं होता, वहीं यह लोग निःस्वार्थ भाव से अनजान लोगों के लिए अपना समय व सहयोग देने के लिए ऐसी मुहिम चलाई हुई है। जिसमें जरूरतमंद परिवार के लोगों को फायदा मिल सकें। इस अवसर पर दोनों बेटियों की शादी में कन्यादान स्वरूप में बर्तन सेट, कुकर, मिक्सी, ट्रे-सेट, कप सेट, अटेची, सीनरी, प्रेस, पंखा, मिल्टन बॉटल, 11, सूट-साड़िया, फ्रॉक सूट, थर्मस, लेडीज पर्स, पैंट-शर्ट, वाटर कैम्पर, हॉट केस व 501 रुपये कन्यादान का सहयोग किया। कार्यक्रम के संयोजक देव शर्मा व पवन यादव पुरानी मंडी वाले थे।

संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया कि इसी महीने एक विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया, डा. शिवकुमार, निखिल जैन, कुणाल शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी पवन यादव ने बताया कि अब तक संस्था की तरफ से लगभग 200 कन्याओं का कन्यादान किया जा चुका है। जिसके लिए संस्था के सभी दानवीर साथी व सहयोगी बधाई के पात्र है। इस मौके पर मनीष गोगिया, पवन यादव, मुकेश यादव, विकास जैन, निखिल जैन, अनिल शर्मा, पंकज लखेरा, कुणाल शुक्ला, देव शर्मा, पवन यादव, प्रेमचंद जैन, राकेश सेकवाल, राकेश यादव आदि मौजूद थे।

# सिंचाई राज्यमंत्री ने सरपंच एसोसिएशन की सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सरपंच एसोसिएशन की बैठक प्रधान धर्मपाल रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सिंचाई एवं अर्द्ध सैनिक कल्याण राज्यमंत्री डा. अभय सिंह यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे हैं। उन्होंने सरपंचों की विभिन्न समस्याओं को गहनता से सुना तथा आचार संहिता खत्म होने के बाद सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास में पंचायतों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। पंचायतों को ताकतवर बनाने के लिए सरकार अथक प्रयास कर रही है। कई समस्याओं का समाधान पाइप लाइन में अटका हुआ, जोकि आचार संहिता खत्म होने के बाद ही संभव हो पाएगा। सरपचों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी भी उनकी बात नहीं सुनते, जिस कारण ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता।

**सूचना**

मैं, दिनेश कुमार पुत्र श्री रामानन्द निवासी पोता तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पत्नी निर्मला, पुत्र यश, पुत्र तुषार व पुत्री विधि मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### पक्षियों के लिए रखे कृत्रिम घोंसले

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार की ओर से पक्षियों के संरक्षण के लिए कृत्रिम घोंसले लगाने का अभियान जूनियर टाईगर तुषार यादव व नव्या यादव ने चलाया। इस अवसर पर टाईगर क्लब परिवार के प्रधान राकेश यादव ने कहा कि हर इंसान खुद के रहने के लिए बड़ी शिद्दत से आशियाना बनाता है, लेकिन बढ़ते औद्योगिकीकरण व जनसंख्या दबाव के कारण कॉलोनियों की हो रहे विस्तार में धड़ल्ले से जंगलों को काटा जा रहा है।

### बिहाली में शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता कल

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बिहाली में 7 मई कल शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि कुलदीप यादव पूर्व प्रधान सरपंच एसोसिएशन अटेली नांगल होंगे। प्रतियोगिता कि जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्य ने बताया यह प्रतियोगिता कुलदीप यादव के जन्मदिन के अवसर पर कराई जा रही है। इसमें प्रथम आने वाली टीम को 21 हजार रुपये की राशि देखकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता आयोजन क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे प्रतियोगिता की जाती है।

### गाड़ी चालक का मोबाइल फोन छीना

**धारूहेड़ा।** सोहना कट के पास एक गाड़ी चालक का मोबाइल फोन छीनकर दो युवक फरार हो गए। राजस्थान के अभनपुरा निवासी साजिद खान ने बताया कि वह अपनी गाड़ी खाली करने के बाद सोहना कट के पास सर्विस रोड पर खड़ी करके गाड़ी में ही लेटकर मोबाइल फोन पर वीडियो देख रहा था। इसी दौरान बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और घर में घुसकर झपटमारी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 6 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने बिहार के हरणबाधा निवासी रहमुद्दीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल दिया गया।

### डूंगरवास के सरकारी स्कूल में चोरी

**धारूहेड़ा।** डूंगरवास के सरकारी स्कूल में प्राचार्य कक्ष का ताला तोड़कर चोर इन्वर्टर व बैट्री चोरी कर ले गए। विज्ञान अध्यापक बिरेंद्र ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि स्कूल में सफाईकर्मी सरोज ने उसे फोन पर सूचना दी कि प्राचार्य के कमरे का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर गया तो प्राचार्य के रूम से एक इन्वर्टर और बैट्री गायब मिले।

# गर्मी ने दिखाए तेवर, दिन का तापमान 42.2 डिग्री पहुंचा अब तीन-चार दिन तक लगातार होगी तापमान में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र में लगातार मौसम परिवर्तन शील बना हुआ है, साथ ही तापमान में उछाल व गर्मी अपने तेवरों को दिखाने लगी है। मई महीने की शुरूआत के तीन दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रिकॉर्ड तोड़ तापमान लुढ़के, इसके बाद धीरे-धीरे सम्पूर्ण इलाके में तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। हालांकि अभी लूं नहीं चल रही है, क्योंकि सीजनल पछुआ हवाएं चलने से आमजन को लूं जैसा अहसास हो रहा है। पिछले कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में आंशिक बादलवाही, साथ ही सीमित स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिली। बता दें कि आने वाले दिनों में लगातार दो कमजोर व उसके बाद एक मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। पहला सात मई व दुसरा 10 मई को सक्रिय होगा। इन कमजोर पश्चिमी विक्षोभों से सम्पूर्ण इलाके में तापमान में बढ़ोतरी होगी। जिससे गर्मी अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज करेगी। हालांकि इस दौरान आंशिक बादलवाही देखने को मिलेगी।

### 7, 10 व 11 मई को सक्रिय होंगे पश्चिमी विक्षोभ तापमान में आएगा बढ़ा उतार-चढ़ाव

इसके बाद मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ 11 मई रात्रि को सक्रिय होने से 11-14 मई के दौरान उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व सम्पूर्ण मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश, बूंदाबांदी व तेज गति से हवाएं चलने साथ ही साथ एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना है। इस मौसम प्रणाली का असर 13-14 मई को अधिक देखने को मिलेगा। इसके बाद एक बार फिर से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में आमजन को गर्मी व लू से राहत मिलेगी, लेकिन आगामी एक सप्ताह तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आमतौर पर मौसम शुष्क बना रहेगा व सम्पूर्ण इलाके में दिन का तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक पहुंच जाएगा। इसके अलावा कुछ स्थानों पर हीट वेव व लू अपने प्रचण्ड तेवरों आगाज करेंगी। यानी हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार मौसम में बदलाव के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।

### जिले दिन का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस से 26.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। हालांकि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं, क्योंकि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सम्पूर्ण इलाके से आगे निकल गया है। इसलिए रात्रि को हवाएं उत्तरी होने से रात्रि तापमान में गिरावट, जबकि सुबह से शाम तक सम्पूर्ण इलाके में 5-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म पछुआ हवाएं चलने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है, जिससे गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। जिले में रात्रि तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस से 43.8 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंचा गया। जिले नारनौल को अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### राधाकृष्ण संगठन ने निकाली 68वीं प्रभात फेरी

**नारनौल।** नगर में राधा नाम की अलख जगाने वाली राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 68वीं प्रभात फेरी का आयोजन मौहल्ला चौधरियान से किया गया। इस अवसर पर प्रभात फेरी के मुख्य यजमान सारिका गर्ग, योगेश गर्ग, श्यामसुंदर गर्ग ने परिवार सहित ठाकुर जी की आरती करके सभी को चंदन तिलक लगाया। इसके बाद भक्तिमय वातावरण के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तों नाचते गाते बजाते राधे नाम का जाप किया। यजमान के निवास स्थान से प्रारंभ होकर प्रभात फेरी शिवालय के पास से बड़ा गुरुद्वारा मोहल्ला पीरआगा में पीर के पास से श्यामजी मंदिर होते हुए गुरुनानकपुरा में परिक्रमा करके हरियाणा स्कूल के पास से होते हुए प्रारंभ स्थल पर समाप्त हुई।

## परीक्षा को लेकर सुबह से ही अभ्यर्थियों में दिखाई दिया उत्साह

# जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर 2834 ने दी नीट परीक्षा, माहौल रहा शांतिपूर्ण

मेडिकल एंट्रेस एग्जाम की तैयारी में भावी एमबीबीएस चिकित्सकों ने प्रात: 11 बजे ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। यूरेका स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर रोल नंबर चेक करते हुए।



नारनौल। नीट परीक्षा में फिंगर प्रिंट का मिलान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से रविवार को जिले में पहली बार नेशनल इलीजिब्लिटी कम एंट्रेस टेस्ट (नीट) परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले में इस परीक्षा के लिए पांच जगहों पर सेंटर बनाए गए थे। चार सेंटर महेंद्रगढ़ में बनाए गए, जबकि एक सेंटर में नारनौल में बनाया गया। पांचों परीक्षा केंद्रों पर 2875 परीक्षार्थी उपस्थित रहना था, लेकिन इनमें से 41 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार 2834 ने परीक्षा दी। परीक्षा बेहद कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में नकल रहित संपन्न हुई।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा रविवार को जिला महेंद्रगढ़ के पांच परीक्षा केंद्रों यूरेका पब्लिक स्कूल नारनौल, आरपीएस डिग्री कालेज बलाना, आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद, श्रीकृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ एवं हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेंद्रगढ़ पर नीट परीक्षा आयोजित की गई। महेंद्रगढ़ सिटी कोर्डिनेटर एवं यूरेका पब्लिक स्कूल नारनौल की प्राचार्या मधु कौशिक ने बताया कि जिले के पांचों परीक्षा केंद्रों में कुल 2875 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिनमें से कुल 2834 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 41 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नारनौल स्थित यूरेका पब्लिक स्कूल नारनौल में कुल परीक्षार्थी 480, अनुपस्थित 6 रहे तथा 474 ने परीक्षा दी। इसी प्रकार आरपीएस कालेज बलाना में कुल परीक्षार्थियों 480 में से 11 अनुपस्थित एवं 469 उपस्थित रहे। आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद के कुल परीक्षार्थियों 451 में से तीन अनुपस्थित रहने पर 448 ने परीक्षा दी। हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेंद्रगढ़ के 480 परीक्षार्थियों में आठ अनुपस्थित तथा 472 उपस्थित रहे। श्रीकृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ में कुल परीक्षार्थी 984 थे, जिनमें से अनुपस्थित 13 व उपस्थित 971 रहे।

इस परीक्षा के लिए मेडिकल एंट्रेस एग्जाम की तैयारी में भावी एमबीबीएस चिकित्सकों ने प्रातः 11 बजे ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू कर दिया था। परीक्षा में परीक्षार्थियों को प्रवेश से पहले कड़ी सुरक्षा से गुजरना पड़ा। परीक्षार्थियों की आधार कार्ड के बेस पर पहचान चिह्नित की गई और फिंगर प्रिंट मिलान होने पर प्रवेश दिया गया। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित की गई। दोपहर करीब डेढ़ बजे से पहले ही परीक्षार्थियों को प्रवेश सुनिश्चित किया गया था। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5:20 तक रहा।

कोर्डिनेटर मधु कौशिक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नीट परीक्षा संपूर्ण पारदर्शिता के साथ सुरक्षित माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



### पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पेड़ों पर बांधे सकोरे

**नारनौल।** पर्यावरण बचाओ संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा लघु सचिवालय प्रांगण, सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क , कोर्ट प्रांगण, अधिवक्ता चेंबर ग्राउंड व सुभाष पार्क में पक्षियों के पानी पीने के लिए पेड़ों पर सकोरे बांधे तथा उनमें पानी भरा। यहां पर हर रोज सुबह भ्रमण के लिए आने वाले बुजुगारें व बच्चों ने संगठन के कार्यकर्ताओं का सहयोग किया और पक्षियों के दाना-पानी के देखरेख की जिम्मेदारी ली। संगठन के कार्यकर्ता राजेश शर्मा ने कहा कि पक्षी हमारे पर्यावरण की जान व शान हैं। इस भयंकर गर्मी में कोई भी पक्षी प्यास से व्याकुल न हो, हम सभी को पक्षियों की देखरेख करनी चाहिए, जिससे वातावरण में पक्षियों की चहचहाट बनी रहे। इस भयंकर गर्मी में संगठन की तरफ से विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाए जाएंगे। कोर्ट प्रांगण में उपस्थित सुरक्षाकर्मी व अन्य स्टाफ गुलाब सिंह, कुलदीप, सुभाष आदि रहे।



### नेत्र जांच शिविर में 137 मरीजों की हुई जांच

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वाधान में स्थानीय यादव धर्मशाला में 165वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप के प्रधान डॉ. प्रेमराज आर्य की अध्यक्षता में लगाया गया। हमेशा की तरह नेत्र जांच शिविर हवन के साथ प्रारंभ किया गया। यज्ञ ब्रह्मा पंडित सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य, यज्ञ पुरोहित यादव सभा उपप्रधान भूपेंद्र आर्य ने हवन संपन्न कराया। तत्पश्चात डॉ. जितेंद्र यादव व उनकी टीम के डॉ. आरपी. गिरि एवं डॉ. रामपाल यादव ने रोगियों की नेत्र जांच की तथा डॉ. प्रकाशवीर आर्य ने बीपी और शुगर चेक किया। शिविर में 137 आरोपितों के नेत्र जांच की और 33 आरोपितों को ऑपरेशन के लिए सुमेर सिंह मेघनवास की देखरेख में सिविल अस्पताल भिवानी भेजा गया। इस अवसर पर प्रो. बस्तीराम खैरवाल, राहत ग्रुप उपाध्यक्ष प्रवक्ता श्रीचंद, सचिव कप्तान लालचंद, सूबेदार आनन्द कुमार, सुबेदार सुरेंद्र पाल आर्य, प्राचार्य विजय पाल, सुबेदार जगमाल सिंह, संदीप बसई, धर्मवीर सिंह, संजय बवानिया, कृष्ण कुमार, विजेंद्र सिंह सभा से सचिव रोहताश सिंह, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद व सूबे सिंह उपस्थित रहे।

## चुनाव में मजबूती से जुटें कार्यकर्ता: किरण चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी व राव दानसिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता

पार्टी ने राव दानसिंह को लोकसभा प्रत्याशी बनाकर हमारे बीच में भेजा है। ऐसे में हमारा भी फर्ज बनता है कि हम उन्हें भारी बहुमत से जीताकर भेजें। कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में मजबूती से जुट जाएं। उक्त विचार वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी ने तोशाम व कैरू में कार्यालय की शुभारंभ के बाद कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए कहीं। उनके साथ कांग्रेस प्रत्याशी राव दानसिंह व पूर्व सांसद सुशील इंदौरा उपस्थित रहे। कार्यकतार्ओं ने बड़ी गर्मजोशी के साथ सभी का स्वागत किया। किरण चौधरी ने कहा कि भाजपा के कुशासन से हर वर्ग के लोग दुखी और परेशान हैं। पूरे देश में भाजपा के खिलाफ माहौल बना हुआ है। पार्टी के आदेश को मानते भी सभी कार्यकतार्ओं को राव दानसिंह की जीत के लिए जुटना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूर्व सांसद श्रुति चौधरी भी राव दानसिंह के चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। राव दानसिंह ने कार्यकतार्ओं का आभार जताते हुए कहा कि चौधरी बंसीलाल को हरियाणा का विकास पुरुष कहा जाता है। वे जो हरियाणा के निमार्ता थे। हमें चौधरी बंसीलाल व चौधरी सुरेंद्र सिंह के सपनों को पूरा करने के लिए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करना है। राव दानसिंह ने कहा कि कार्यकतार्ओं का जोश यह बता रहा है कि किरण चौधरी व श्रुति चौधरी की टीम पार्टी को भारी बहुमत देकर भेजेगी। राव दानसिंह नेकहा कि लगातार दो बार भाजपा प्रत्याशी को लोकसभा से जीता कर भेजा था और उन्होंने मोदी के नाम पर जनता से वोट मांगे थे। इस बार भी भाजपा प्रत्याशी मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। लेकिन जनता इस बार पिछली गलती को नहीं दोहराएगी और महेंद्रगढ़-भिवानी के साथ-साथ हरियाणा की आवाज को दिल्ली तक पहुंचने वाले कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को अपना सांसद चुनकर भेजेगी। राव दानसिंह ने जनता को विश्वास दिलवाते हुए कहा कि मैं लोकसभा क्षेत्र की जनता की उम्मीद पर खड़ा उतरूंगा।

## मोदी की बदौलत विश्व में बढ़ा भारत का रुतबा: धर्मबीर

- आचार संहिता हटते सरपंच पहले की तरह करेंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/मंडी अटेली



भिवानी। अटेली हलके में आयोजित जनसभा को संबोधित करते धर्मबीर सिंह।

महेंद्रगढ़.ड्वािवानी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की बदौलत आज भारत का विश्व में डंका बज रहा है। मोदी की बेहतरीन विदेश नीति के चलते आज विश्व के अनेक देश भारत की तरफ देख रहे है। तीसरी बार मोदी के पीएम बनने पर देश विकास नहीं विकसित देशों की श्रेणी में होगा।

हर क्षेत्र में भारत विश्व गुरु बनने की राह पर है। साथ ही उन्होंने कहा कि आचार संहिता हटते ही प्रदेश के सरपंच पहले की तरफ विकास कार्य करवाएंगे। धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। धर्मवीर सिंह रविवार को यहां मंडी अटेली क्षेत्र के गांव सयाना, नौताना, पोता, बागौत, सेहलंग, खेड़ी, अगिहार,पाथेड़ा, शेदपुर, छीथरौली, सीहोर, खरखड़ा बांस, गाहड़ा, कोटीया, करीरा, भडफ़ , ककराला, रामबास,ढाणा, पड़तल, सुन्दर, नांगल मोहनपुर, रसूलपुर, गुढा, उन्हानी व चेलावास गांव में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। धर्मबीर सिंह ने आयोजित जनसभा में कांग्रेस पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कोई मुद्दा नहीं है और वो लोग घोषणा पत्र के अंदर बोलते हैं कि अगर हमारी सरकार आई तो दोबारा से धारा 370 को लागू करेंगे। सबको पता है 2014 से पहले देश में धारा 370 के कारण भय और आतंकवाद का माहौल था। धर्मवीर सिंह ने कहा कि देश 10 साल से संविधान के तौर तरीके से चल रहा है और यह कांग्रेस के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि प्रजातंत्र खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार को तीसरी बार सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर विधायक सीताराम यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, प्रोफेसर रोशन लाल यादव, सुधीर दीवाना, विद्यानंद लांबा,ब्लाक समिति चेयरमैन जयप्रकाश, सतबीर यादव सेहलंग, अजीत यादव कलवाड़ी, यतेन्द्र राव, अमरजीत यादव, बाबूलाल एससी प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सदस्य व भाजपा सह मीडिया प्रभारी व ड्वािवानी विधानसभा मीडिया प्रमुख सोनू सैनी समेत अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दयाशंकर तिवाड़ी को दी श्रद्धांजलि

- समाज के प्रति समर्पण की मूर्ति थे दयाशंकर तिवाड़ी : चेतन प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगण



महेंद्रगढ़। स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं की प्रेरणा स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी की श्रद्धांजलि सभा रविवार को परिषद् प्रांगण में की गई। लगभग पांच दशकों से रामलीला परिषद् के विभिन्न पदों पर रहकर वर्तमान में संरक्षक के रूप में सेवाएं देने वाले स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी की श्रद्धांजलि सभा में अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। ब्राह्मण सभा पूर्व प्रधान, धोलपोश गोशाला के पूर्व प्रधान, हरियाणा गो-सेवा आयोग के सदस्य, रामलीला परिषद् के निवर्तमान संरक्षक व मौदाश्रम के अध्यक्ष स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए रामलीला परिषद् के संरक्षक चेतन प्रकाश गौड़, अनिल कौशिक, घीसाराम सैनी, प्रधान दिनकर बोहरा, सुशील बिढाट, रोटरी क्लब प्रधान मुकेश मेहता, नरेश चेयरमैन, बलवान फौजी ने दयाशंकर तिवाड़ी के जीवन पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में कैलाश चंद, रामावतार शास्त्री, मुख्याध्यापक विजेंद्र सिंह, गिरीश कानौडिया, आनंद शर्मा, रामचंद्र जांगड़ा, सोहन टैनी, राजेंद्र पोपली, प्रवीण दीवान, सूर्य प्रकाश कौशिक, नरेश जोशी, विष्णु सोनी, गिरधर गोपाल, सुभाष तिवाड़ी रहे। हरियाणा प्रदेश भाजपा महिला मोर्चे की सचिव अर्चना ठाकुर ने भी शोक संदेश भेजा।

### आरोपित से बरामद दो देशों के पासपोर्ट का वीजा समाप्त

## धोखाधड़ी के आरोपित से पासपोर्ट व लैपटॉप बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

विदेशी पार्सल डिलीवर करने के नाम पर धोखाधड़ी करके रुपये ठगने के मामले में गिरफ्तार आरोपित से रिमांड के दौरान पुलिस ने पासपोर्ट, बैंक पासबुक, लैपटॉप व अन्य सामान बरामद किया है। आरोपित से दो देशों के पासपोर्ट भी बरामद हुए है, जिनका वीजा समाप्त हो चुका है। साइबर थाना की पुलिस टीम ने विदेशी पार्सल डिलीवर करने के नाम पर कस्टम ड्यूटी पे करने के जरिए धोखाधड़ी करके रुपये ठगने के मामले में संलिप्त एक आरोपित अली ट्राओरी वासी टूबा आइवरी कोस्ट हाल आबाद विजय नगर मोहन गार्डन उत्तम नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया था। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपित से सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में पुलिस ने आरोपित से आठ सिम काड्र्स, तीन एटीएम काड्र्स, एक बैंक पासबुक, एक चेकबुक व दो लैपटॉप बरामद किए हैं। साथ ही पुलिस ने दो देशों के पासपोर्ट भी बरामद किए हैं, पुलिस ने पता लगाया कि दोनों पासपोर्ट के वीजा समाप्त हो चुके थे और अवैध रूप से रह रहा था। आरोपित को रविवार को फिर से न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई कि 24 मई 2023 को उसके पास अज्ञात नंबर से आई। कॉलर ने कहा कि वह एयरपोर्ट से बोल रही है, आपके नाम से पार्सल आया हुआ है, जिसमें विदेशी रुपये हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास किसी ने पार्सल नहीं भेजा है। कॉलर ने उसके पास पार्सल से संबंधित कागजात भेजे, जिन पर उसने विश्वास कर लिया। इसके बाद कॉलर ने कहा कि अगर आपको पार्सल चाहिए तो कस्टम ड्यूटी पे करनी पड़ेगी। जिस पर शिकायतकर्ता ने एक लाख 29 हजार 999 रुपये डाल दिए। जिसके बाद बार-बार टैक्स की बात करके जालसाजों ने उसके साथ धोखाखड़ी करके 12 लाख 89 हजार 999 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता को लगा कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है, तो उसने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाई।